महत्वपूर्ण एवं खास

रेस लगाने के चक्कर में स्पोर्टस् बाइक दीवार से टकराई, युवक की मौत

कोरबा (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में रफ्तार का कहर देखने को मिला है. जहां एक युवक सडक़ पर लापरवाही पूर्वक स्पोर्ट्स बाइक चलते हुए सामने चल रही गाड़ी से रेस लगाने लगा, इस दौरान ओवरटेक करते समय वह दर्दनाक हादसे का शिकार हो गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. मामला बालकों थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, मृतक की शिनाख्त महर्षि गुप्ता पिता हरिश्चंद्र गुप्ता के रूप में हुई है, जो की मूलत: रायगढ़ का रहने वाला है और कोरबा में किराए से माकन लेकर रहता था. महर्षि बालको प्लांट में निजी कंपनी में कार्यरत था। यह दुर्घटना कल बालको अल्युमिनियम गेट के पास हुई, जब सामने से जा रही गाड़ी को ओवरटेक करने के दौरान महर्षि की बाइक अनियंत्रित पर से नियंत्रण को बैठा। इस दौरान बाइक तेज रफ्तार में सडक़ किनारे दिवार से जा टकराई. यह टक्कर इतनी भीषण थी की स्पोर्ट्स बाइक के परखच्चे उड़ गए। वहीं युवक का सिर दिवार पर टकराने से उसे काफी गंभीर चोट आई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसे के वक्त महर्षि की बाइक काफी तेज रफ्तार में थीं, वहीं उसने सिर पर हेलमेट भी नहीं पहना था. अगर हादसे के वक्त अगर उसने हेलमेट पहना होता तो शायद उसकी जान बच सकती थी. जवान बेटे की मौत से मृतक के घर में मातम पसर गया है. बालको थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

नशे में धुत पत्नी से नाराज पति चढ़ा हाईटेंशन तार के टावर पर

कोरबा। कोरबा जिलान्तर्गत मानिकपुर चैकी क्षेत्र की दादर बस्ती में उसे वक्त हडक़ंप मच गया, जब मादक द्रव्य पदार्थो का सेवन कर नशे में धुत एक युवा हाई टेंशन टावर के लगभग 60 फीट पर ऊपर चढ़ गया। टावर पर चढक़र अपनी पत्नी और लोगों को आवाज दे रहा था कि उसे मादक द्रव्य पदार्थो का सेवन करने हेतु रूपए नहीं दिए तो वह टावर से नीचे कूदकर जान दे देगा। लोग उसे मनाते रहे, कोई रूपए देने की बात कहता तो कोई मादक द्रव्य पदार्थ लाने की बात कहता। इसके बाद भी उक्त ड्रामा लगभग 1 घंटा तक चलता रहा। इस बीच उसकी मां भी मौके पर पहुंची। युवक और ऊपर चढऩे लगा। इसकी सूचना ग्रामीणों ने मानिकपुर चैकी पुलिस को दी। जहां चैकी प्रभारी नवीन पटेल टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसी तरह युवक को समझाकर नीचे उतारा। बताया जा रहा है कि युवक पहले से ही मादक द्रव्य पदार्थो का सेवन कर नशे में था। इससे पहले भी उसने मादक द्रव्य पदार्थो का सेवन करने पश्चात घर पर और बस्ती में हंगामा मचा चुका है। उसकी हरकत से घर वाले भी परेशान है, लेकिन इस बार वह टावर पर चढ़ गया।

16 पदों पर निकली संविदा भर्ती के लिए विज्ञापन

रायपुर (आरएनएस)। संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण के द्वारा वार्डन, स्टोरकीपर, सहायक ग्रेड-3 एवं भृत्य के कुल 16 पदों पर संविदा भर्ती के लिए विज्ञापन जारी कर दिया गया। जिनमें राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र बहतराई बिलासपुर हेतु वार्डन (पुरूष) 1 पद, वार्डन (महिला) 1 पद, स्टोरकीपर 1 पद, सहायक ग्रेड-3 के 1 पद एवं भृत्य के 02 पद शामिल हैं। इसके साथ ही मैदानी कार्यालयों के लिए भृत्य के 10 पद शामिल हैं। संचालक खेल एवं युवा कल्याण तनुजा सलाम ने बताया कि विभागीय सेटअप अनुसार ऐसे सभी रिक्त पद जिन पर वित्त विभाग से भर्ती की अनुमति प्राप्त है, उन पर जल्द से जल्द भर्ती की कार्यवाही सम्पन्न कराई जाएगी। संविदा के रिक्त पदों पर विज्ञापन जारी कर दिया गया है। वित्त विभाग से अनुमति प्राप्त नियमित पदों पर लोक सेवा आयोग तथा व्यापम के माध्यम से सीधी भर्ती के लिए भी शीघ्र प्रस्ताव भेजा जाएगा। उपर्युक्त उल्लेखित संविदा के रिक्त पदों के लिए इच्छुक और योग्य अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप में अंतिम तिथि 29 नवम्बर 2024 तक शाम 5 बजे तक आवेदन पत्र रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से जमा करा सकते हैं। प्राप्त आवेदनों पर विभागीय भर्ती नियमों के अनुरूप भर्ती समिति की अनुशंसा पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी।

संघर्षों में पली बिटिया ने थामा बैडमिंटन का रैकेट तो मुख्यमंत्री ने दी शाबाशी, कहा- खूब आगे बढ़िए, हम आपके साथ हैं

- -मुख्यमंत्री साय के वीडियो-कॉल से बैडमिंटन प्लेयर रितिका के अरमानों को मिले पंख
- -मजदूर पिता की बेटी रितिका के जज़्बे को मुख्यमंत्री ने सराहा
- -छत्तीसगढ़ की खेल प्रतिभाओं को सींच रहे मुख्यमंत्री साय

रायपुर | आरएनएस

धमतरी की रहने वाली मजदूर पिता की बैडमिंटन प्लेयर बेटी रितिका ध्रुव ने कभी नहीं सोचा था कि उसका अपने खेल के प्रति जुनून एक दिन उसे मुख्यमंत्री से रूबरू करवा देगा। आज जब रितिका को मोबाइल पर वीडियो कॉल में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का स्नेहमयी चेहरा नजर आया तो उसे विश्वास नहीं हुआ कि उसकी बात प्रदेश की मुखिया से हो रही है।

मुख्यमंत्री साय ने रितिका से बात करते हुए उसके बैडमिंटन के हुनर को सराहा और उसका हौसला बढ़ाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप इसी तरह अपने बैडमिंटन के हुनर को निखारिये। खूब आगे बढिय़े और अपने माता-पिता के साथ पूरे छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाइये। हम आपके साथ हैं, आपको बैडमिंटन के लिए जो भी सहायता व सुविधाएं चाहिए उसे हम आपको देंगे। मुख्यमंत्री की ये बात सुनकर रितिका का चेहरा खिल उठा।

मुख्यमंत्री साय ने रितिका से वीडियो-कॉल में बड़ी आत्मीयता से बात की और उसके बैकग्राउंड के विषय में जाना। रितिका ने बताया कि उसके पिता जीवनयापन के लिए मजदूरी का कार्य करते हैं और माता आंगनबाड़ी सहायिका हैं। उसे बचपन से ही बैडमिंटन के खेल में रुचि थी। समय के साथ उसका ये शौक जुनून में बदल गया और वह पूरे तरह से इस खेल के प्रति समर्पित हो गयी। मगर परिवार की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं थी कि बड़े स्तर के टूर्नामेंट के लिए वह अपने टैलेंट को तराश सके। मुख्यमंत्री ने संघर्षों के बावजूद बैडमिंटन में शानदार प्रदर्शन के लिए रितिका की खूब सराहना की।

मुख्यमंत्री साय को रितिका ने वीडियो कॉल पर बताया कि उसने बंगलुरू में खेलो-इंडिया यूनवर्सिटी लेवल गेम्स और हाल ही में ओडीसा में नेशनल टूर्नामेंट में हिस्सा लिया है। वह आगे नेशनल-इंटरनेशनल स्तर पर खेलना चाहती है और ओलम्पिक में मेडल जीतकर देश का नाम रोशन करना चाहती है। मुख्यमंत्री साय ने रितिका से कहा कि आपका ओलम्पिक का सपना भी पूरा होगा। मुख्यमंत्री होने के साथ-साथ वे राज्य ओलंपिक संघ के अध्यक्ष भी हैं। आपकी तरह छत्तीसगढ़ की बेटियां जो अपने खेल में शानदार प्रदर्शन कर रही हैं, उन्हें सरकार का पूरा सहयोग मिलेगा।

मुख्यमंत्री को रितिका ने बताया कि वो अभी बीए अंतिम वर्ष में पढ़ाई भी कर रही है। मुख्यमंत्री साय ने रितिका को खेल के साथ अपनी पढ़ाई भी पूरे मन से करने प्रोत्साहित किया। उन्होंने बिटिया को खूब आशीर्वाद देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री से बात कर के रितिका के चेहरे पर खुशी की मुस्कान छा गयी।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री साय लगातार प्रदेश की खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक कदम उठा रहे हैं। उनका प्रयास है कि राज्य में खेल का मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर बनने के साथ-साथ यहां के टैलेंट को आगे बढऩे का पूरा मौका मिले। इसी क्रम में मुख्यमंत्री साय ने विगत दिनों छत्तीसगढ़ की पर्वतारोही निशा को किलिमंजारो पर्वत फतह करने कॉल कर पूरी मदद का आश्वासन दिया था। आज जब मुख्यमंत्री ने रितिका के संघर्ष और उसकी बैडमिंटन की प्रतिभा को जाना तो वीडियो कॉल पर बिटिया का हौसला बढ़ाया।

व्याख्याता एवं प्राचार्य पदों की पदोन्नति की मांग को लेकर 17 दिसंबर को संचालनालय एवं मंत्रालय के समक्ष प्रदर्शन

रायपुर | आरएनएस

छत्तीसगढ़ माध्यमिक विद्यालय प्रधान पाठक मंच द्वारा सरस्वती विद्यालय रायपुर के सभागार में प्रदेश स्तरीय दीपावली मिलन समारोह में छत्तीसगढ़ शिक्षक कांग्रेस के प्रांताध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रांतीय संयोजक अनिल शुक्ला तथा प्रधान पाठक मंच के प्रांतीय संयोजक रमाकांत झा की उपस्थिति में विगत दस वर्षों से प्राचार्य पद की तथा आठ वर्षों से व्याख्याता पद की लंबित पदोन्नति की मांग को लेकर शिक्षकों का प्रतिनिधित्व करने वाले सभी शिक्षक एवं कर्मचारी संगठनों के सामूहिक नेतृत्व में राज्य स्तर पर छत्तीसगढ़ प्राचार्य एवं व्याख्याता पदोन्नति फोरम का गठन करते हुए निर्णय लिया गया है कि 17 दिसंबर 2024 को पूरे राज्य से नियमित एवं एल . बी. संवर्ग के शिक्षक,व्याख्याता एवं प्रधान पाठक एकत्रित होकर संचालनाय एवं मंत्रालय के समक्ष एकत्रित होकर प्रदर्शन करेंगे।

प्रांताध्यक्ष अनिल शुक्ला ने अपने उद्बोधन में स्कूल शिक्षा विभाग में पदोन्नति कोटे के विगत आठ वर्षों से रिक्त प्राचार्य के 3576 पद,व्याख्याता के 8203 पदों पर पदोन्नति नहीं होने के लिए प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री,शिक्षा सचिव तथा संचालक लोक शिक्षण को सीधे तौर पर जिम्मेदार मानते हुए कहा कि विगत पांच वर्षों से हर वर्ष, प्राचार्य पदोन्नति की पात्रता रखने वाले व्याख्याता एवं प्रधान पाठक माध्यमिक विद्यालय का गोपनीय चरित्र तथा अचल संपत्ति का विवरण मांगने के बावजूद पदोन्नति आदेश जारी नहीं होने के कारण प्रति वर्ष हजारों की तादात में व्याख्याता एवं प्रधान पाठक बिना पदोन्नति पाए सेवा निवृत हो रहे हैं। प्रधान पाठक मंच की बैठक को कर्मचारी संघ के प्रांतीय प्रवक्ता दीपक शर्मा ने संबोधित करते हुए बताया, पूरे छत्तीसगढ़ के मिडिल प्रधान पाठक एक मंच पर लाने का प्रयास सराहनीय है , शीघ्र शिक्षा सचिव द्वारा मिडिल प्रधान पाठको के प्राचार्य पद पर पदोन्नति हेतु बारंबार सिर्फ 5 वर्षों की गोपनीय चरित्र वाली ना मांगे, बल्किआदेश जारी करने की पुरजोर पहल किया। उल्लेखनीय है कि बजट सत्र में 18 फरवरी 2024 को विधान सभा में तत्कालीन शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने छ: माह में व्याख्याता तथा प्राचार्य पद की पदोन्नति पूर्ण करने का आश्वाशन देने के बाद भी पदोन्नति नहीं होने से शिक्षकों में प्रशासन के खिलाफ बहुत आक्रोश है शुक्ला ने कहा कि सभी शिक्षक संगठनों की ओर से सरकार को अल्टीमेटम देकर पदोन्नति आदेश जारी करने की तिथि निर्धारित करने का आग्रह किया जाएगा और यदि पदोन्नति की कार्यवाही निर्धारित समय सीमा में पूर्ण नहीं हुई तो आगामी 17 दिसंबर 2024 को प्रदेश भर से पदोन्नति की पात्रता रखने वाले एकत्रित होकर संचालक लोक शिक्षण एवं शिक्षा सचिव का ध्यानाकर्षण करने हेतु इंद्रावती एवं महानदी भवन के समक्ष प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपेंगे।

नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म व वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने के आरोप में तीन युवक जेल दाखिल

कोरबा | आरएनएस

नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म का वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल करने के आरोप में पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। सभी को कटघोरा के कोर्ट में पेश किया गया। यहां से रिमांड पर जेल भेज दिया गया। घटना बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र की है। नाबालिग छात्रा एक स्कूल में कक्षा दसवीं की पढ़ाई करती है। छात्रा की दोस्ती घुड़देवा में रहने वाले शाहल अंसारी उम्र 19 वर्ष के साथ हुई। शाहिल ने छात्रा को अपने प्रेमजाल में फंसाया। लडक़ी को लेकर पिछले माह 4 अक्टूबर को अपने परिचित रामचरण साहू के घर गया। उसने रामचरण के घर में लडक़ी से दुष्कर्म किया। इस बीच शाहिल छात्रा को एक बार फिर 16 अक्टूबर को रामचरण के यहां ले गया। उस दिन रामचरण का मकान सूना था, उसके घर में परिवार के सदस्य नहीं थे। शाहिल ने दूसरी बार भी लडक़ी से संबंध बनाया। इस बीच रामचरण ने दोनों के संबंधों का वीडियो बना लिया। इसे दिखाकर - रामचरण लडक़ी को ब्लैकमेल कर रहा था। उसने इस वीडियो को अपने दोस्त ताकिर अली उम्र 23 वर्ष को भी भेजा था जो कटघोरा न्यू बस स्टैंड के पास राजीव नगर क्षेत्र में रहता है। युवक लडक़ी को लगातार ब्लैकमेल कर रहे थे इससे परेशान होकर लडक़ी ने घटना की जानकारी अपने परिवार को दी। पुलिस को - अवगत कराया गया। पुलिस ने नाबालिग लडक़ी का बयान दर्ज किया।

चक्रधरनगर पुलिस ने 11 लीटर महुआ शराब के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार

रायगढ़

चक्रधरनगर पुलिस ने अवैध शराब कारोबार पर लगतार दूसरे दिन कार्रवाई हुए साहेब राम कॉलोनी के पास छापेमारी कर 11 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की। इस कार्रवाई में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक प्रशांत राव ने तुरंत कार्रवाई का निर्देश देते हुए प्रधान आरक्षक महेंद्र कर्ष को टीम के साथ मौके पर भेजा। साहेब राम कॉलोनी मेडिकल कॉलेज के पीछे घेराबंदी कर पुलिस ने अखतर खान (उम्र 52 वर्ष) को अवैध शराब बेचते हुए पकड़ा। आरोपी के पास से दो 5-5 लीटर की जर्किन और एक 1 लीटर की कोल्ड ड्रिंक बॉटल में भरी कुल 11 लीटर महुआ शराब बरामद हुई, जिसकी कीमत 1,100 रुपये है। आरोपी अखतर खान, निवासी साहेब राम कॉलोनी, के खिलाफ थाना चक्रधरनगर में धारा 34(2), 59(क) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। इस कार्रवाई में प्रधान आरक्षक महेंद्र कर्ष, आरक्षक चंद्र कुमार बंजारे और मिनकेतन पटेल ने सक्रिय भूमिका निभाई। चक्रधरनगर पुलिस का आगे भी अवैध शराब के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

जंगल में मिली लाश की एमआर के रूप में हुई शिनाख्त, जांच जारी

- 0 सप्ताह भर पहले रायगढ़ से जशपुर जाने के नाम पर निकला था घर से

कोरबा | आरएनएस

रिस्दी चैक से थोड़ी ही दूर जंगल में एक युवक की सड़ी गली लाश पड़ी मिली। मौके पर पहुंची पुलिस को घटनास्थल पर दो बियर की बोतल के अलावा काले रंग के बैग में दवा मिले। जब मृतक के पास मिले पेन कार्ड व एक व्यक्ति के मोबाइल नंबर के आधार पर पतासाजी की गई तो मृतक की पहचान दवा की सप्लाई करने वाले एमआर के रूप में हुई, जो सप्ताह भर पहले रायगढ़ से जशपुर जाने के नाम पर घर से निकला था। मामला संदिग्ध मान पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

दरअसल सिविल लाइन रामपुर थानांतर्गत झगरहा क्षेत्र में रहने वाले कुछ ग्रामीण रजगामार रोड स्थित जंगल में मवेशी चराने गए थे। इसी दौरान उनकी नजर एक लाश पर पड़ी, जिससे सड़ांध आ रही थी। जिसकी जानकारी चरवाहों ने बस्ती पहुंचकर अन्य लोगों को दी। यह खबर देखते ही देखते पूरे इलाके में फैल गई। वहीं सूचना मिलने पर सिविल लाइन थाना प्रभारी प्रमोद डनसेना मातहत कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने मौके का बारिकी से निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस को दो बियर की बोतल व काले रंग का बैग मिला। इस बैग में आयुर्वेदिक दवा रखा हुआ था। इसके अलावा पुलिस ने मृतक के कपड़ों की तलाशी ली तो पेन कार्ड के अलावा संतोष साहू नामक युवक का मोबाइल नंबर मिला। जिसके आधार पर पुलिस ने मृतक की पहचान कार्रवाई शुरू की।

पुलिस को जानकारी मिली कि मृतक हेमंत कुमार साहू 42 वर्ष है। उसकी मां बद्रिका बाई एक साल पहले ही एसईसीएल रजगामार से रिटायर है। उसके रिटायर होने के बाद महिला परिवार सहित रायगढ़ के चक्रधर नगर थाना क्षेत्र में निवास कर रही है। थाना प्रभारी डनसेना ने चक्रधन नगर पुलिस से बातचीत किया तो पता चला कि थाने में गुमशुदगी दर्ज है। हेमंत आयुर्वेद का एमआर था, जो करीब सप्ताह भर पहले जशपुर जाने के नाम पर घर से निकला था। इसके बाद घर नहीं लौटा। वह कोरबा कैसे और कब पहुंचा, इसकी जानकारी नही मिल सकी। लिहाजा मामले को संदिग्ध माना जा रहा है।

छत्तीसगढ़ की छा गई छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति : सोशल मीडिया पर देशभर में नंबर वन पर ट्रेंड करती रही

रायपुर | आरएनएस

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 14 नवंबर को छत्तीसगढ़ औद्योगिक विकास नीति 2024-30 का विमोचन किया। इसके साथ ही सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर छत्तीसगढ़ औद्योगिक विकास नीति 2024-30 पूरे दिन ट्रेंडिंग करती रही। एक्स हैंडल पर पहले नंबर पर था। विदित हो कि छत्तीसगढ़ में सरकार बनने के साथ ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नई औद्योगिक नीति बनाने की घोषणा की थी।

इसे अमलीजामा पहनाते हुए राज्य गठन के 25वें वर्ष यानी रजत जयंती के साथ ही जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर 14 नवंबर को नई छत्तीसगढ़ औद्योगिक विकास नीति 2024- 30 पर विमोचन किया। विमोचन के बाद साय ने इसे ऐतिहासिक दिन बताया। उन्होंने कहा कि इस औद्योगिक नीति का निर्माण सभी की सहभागिता से किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के बाद यह 6 वीं औद्योगिक नीति है, जिसमें प्रदेश के युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार, पर्यटन और स्वास्थ्य के क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने का प्रावधान किया गया है।

बस्तर और सरगुजा क्षेत्र में भी उद्योगों को किया जाएगा प्रोत्साहित

मुख्यमंत्री साय ने बताया कि, बस्तर और सरगुजा क्षेत्र में भी उद्योगों को प्रोत्साहित किया जाएगा। इस नई नीति से अग्निवीरों, अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवाओं के लिए भी रोजगार और स्वावलंबन का मार्ग प्रशस्त होगा। नई औद्योगिक विकास नीति में पर्यावरण संरक्षण का भी समुचित प्रावधान किया गया है। छत्तीसगढ़ में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए लागत को कम करते हुए, औद्योगिक पार्क, रेल, सडक़ और अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करना हमारा लक्ष्य है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

फर्जी दस्तावेज तैयार करने वाला आरोपी गिरफ्तार

- -फ्लैट के मालिक भरत मतलानी ने पटवारी के अस्टिंट सलमान खान के साथ मिलकर घटना को दिये अंजाम
- -पटवारी के अस्टिंट सलमान खान ने मकान मालिक भरत मतलानी से 3500रु प्राप्त कर कुटरचित कर कब्जा प्रमाण पत्र तैयार किया था

बिलासपुर-रायपुर | आरएनएस

मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी उमेन्द प्रसाद बंजारे पिता स्व0 कालीशरण बंजारे उम्र 53 वर्ष निवासी विनोवा नगर गली नंबर क्र2 थाना तारबहार जिला बिलासपुर थाना उपस्थित होकर लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 12.11.2024 को साम्ब शिवम पाठक जिसके द्वारा पिंकी मतलानी से क्रय किये हुए मकान टिकरापारा कल्याण सुन्दरम अपार्टमेन्ट के द्वतीय तल फ्लैट नंबर ए. एस. 2 में 800 वर्गफुट में निर्मित मकान का कब्जा प्रमाण पत्र बनवाने के लिए उनके पास आये तब उसे ज्ञात हुआ की पिंकी मतलानी पति भरत मतलानी उम्र 41 वर्ष निवासी गुरूनानक चौक तोरवा बिलासपुर के द्वारा मुल्यवान प्रति भूति उक्त भूमि को बिक्री करते समय कब्जा पंचनामा कूट रचना कर दिनांक 30.09.2024 को फर्जी कब्जा पंचनामा प्रमाण पत्र बनाकर उसे असल प्रमाण पत्र के उपयोग में लाकर टिकरापारा बिलासपुर खसरा नंबर 123 आबादी भूमि में कल्याण सुन्दरम अपार्टमेन्ट में स्थित हैं, जिसके विक्रेता पिंकी मतलानी पति भरत मतलानी के द्वारा फर्जी तरीके से रजिस्ट्री करवा लिया है। जिसे साम्ब शिवम पाठक पिता स्व0 कालीका प्रसाद पाठक जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम पोस्ट बैमा तहसील बेलतरा के नाम पर बैमाना क्र0 2722 दिनांक 04.10.2024 को रिसिप्ट नंबर 2024 / 12 / 4157 के द्वारा रजिस्ट्री कराया गया है, उसमे लगे हुए कब्जा प्रमाण पत्र को देखने पर उसे पता चला की वह कब्जा प्रमाण पत्र उनके द्वारा जारी नहीं किया गया है।

घटना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दिया गया जिस पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के निर्देशन व अति. पुलिस अधीक्षक (शहर) राजेन्द्र जायसवाल एवं नगर पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रमोद साबद्रा (भा.पु.से.) को दी गई, के मार्गदर्शन पर आरोपियों की पता साजी किया गया है जो आरोपी सलमान खान व भरत मतलानी के द्वारा कुटरचित दस्तावेज तैयार कर फर्जी तरिके से कब्जा प्रमाण पत्र बनाना अपराध कबूल किया गया है जिस पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्रमांक - 553 / 24 धारा 338,340 (2) बीएनएस के तहत आरोपियो गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। अग्रिम कार्यवाही जारी है।